पत्र सं0- ब15/बी0एस0जी0-120/2024 291 /वि0

अत्यावश्यक

बिहार सरकार

वित्त विभाग

प्रेषक,

रचना पाटिल, भा०प्र०से०
सचिव (व्यय)

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव
सभी विभाग,
बिहार सरकार, पटना ।

पटना, दिनांक 23.03.2026

विषय - वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित बजट अंतर्गत संभावित बचत राशि के प्रत्यर्पण हेतु प्रस्ताव दिनांक-31.03.2026 तक उपलब्ध कराने के संबंध में ।

प्रसंग - वित्त विभागीय पत्रांक-915, दिनांक 01.12.2025 ।

महोदया/महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा विभागीय स्तर पर चालू वित्तीय वर्ष में होने वाले व्यय की समीक्षा करते हुए संभावित बचत राशि के प्रत्यर्पण हेतु प्रस्ताव वित्त विभाग को 31 दिसम्बर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था ताकि वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित प्राक्कलन वास्तविक बजट के अनुरूप संशोधित किया जा सके । परन्तु, अधिकांश विभागों द्वारा अब तक प्रत्यर्पण प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया गया है ।

2. सामान्यतः प्रशासी विभागों द्वारा वार्षिक बजट उपबंध के उपरांत विभिन्न अनुपूरक आगणनों, पुनर्विनियोग तथा प्रत्यर्पण के माध्यम से पुनरीक्षित बजट उपबंधित कराया जाता है । परन्तु जिस मद् में राशि के बचत की संभावना है, उस मद् से राशि का प्रत्यर्पण प्रस्ताव ससमय उपलब्ध नहीं कराया जाता है ।

3. उल्लेखनीय है कि बिहार बजट हस्तक (मैनुअल), 2016 के अध्याय 6 के नियम- 104 के आलोक में वर्तमान वित्तीय वर्ष के संभावित बचतों का अभ्यर्पण 15 फरवरी तक किये जाने का प्रावधान है । अपवादस्वरूप स्थितियों में अभ्यर्पण वर्त्तमान वर्ष के 31 मार्च तक भी किया जा सकता है । विदित हो कि 31 मार्च के उपरांत प्रत्यर्पण संबंधी आवेदनों को महालेखाकार कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है ।

4. अतएव अनुरोध है कि बिहार बजट हस्तक के उपर्युक्त प्रावधान के आलोक में विभागीय स्तर पर चालू वित्तीय वर्ष में होने वाले व्यय की समीक्षा करते हुए व्यवहृत राशि के उपरांत संभावित बचत/अवशेष राशि के प्रत्यर्पण हेतु प्रस्ताव सचिका के माध्यम से सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त करते हुए आवेदन एवं अनुसूची सहित पाँच प्रतियों में हस्ताक्षरित व निर्गत कर बजट शाखा, वित्त विभाग को 31 मार्च, 2026 तक उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन

23.3.26

(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय)

ज्ञापांकः- ब15/बी0एस0जी0-120/2024- **291**/वि0 दिनांक **23.03.2026**

प्रतिलिपि- सचिव, बिहार विधान सभा/विधान परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(संजीव मित्तल)
अपर सचिव-सह-बजट पदाधिकारी

ज्ञापांकः- ब15/बी0एस0जी0-120/2024- **291**/वि0 दिनांक **23.03.2026**

प्रतिलिपि- माननीय राज्यपाल के सचिव/महानिबंधक, पटना उच्च न्यायालय एवं माननीय मुख्य मंत्री के सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(संजीव मित्तल)
अपर सचिव-सह-बजट पदाधिकारी

ज्ञापांकः- ब15/बी0एस0जी0-120/2024- **291**/वि0 दिनांक **23.03.2026**

प्रतिलिपि- सचिव,लोक सेवा आयोग,बिहार/अध्यक्ष, बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(संजीव मित्तल)
अपर सचिव-सह-बजट पदाधिकारी

ज्ञापांकः- ब15/बी0एस0जी0-120/2024- **291**/वि0 दिनांक **23.03.2026**

प्रतिलिपि- मुख्य लेखा नियंत्रक,वित्त (अंकेक्षण) विभाग/संयुक्त आयुक्त, भविष्य निधि निदेशालय/संयुक्त सचिव,प्रेस एवं स्टेशनरी/उप सचिव,पेंशन/ अपर सचिव,लेखा/संयुक्त सचिव,स्थापना,वित्त विभाग/अपर सचिव, कोषागार शाखा/निदेशक,सांस्थिक वित्त,बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(संजीव मित्तल)
अपर सचिव-सह-बजट पदाधिकारी

ज्ञापांकः- ब15/बी0एस0जी0-120/2024- **291**/वि0 दिनांक **23.03.2026**

प्रतिलिपि- सभी उप सचिव/अवर बजट नियंत्रक/अवर सचिव/लेखा पदाधिकारी/ प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी बजट प्रशाखा/प्रणाली विश्लेषक/आई0टी0 मैनेजर, वित्त विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। प्रणाली विश्लेषक को निदेशित किया जाता है कि इसे विभागीय वेवसाइट पर अपलोड कर दिया जाए ।

(संजीव मित्तल)
अपर सचिव-सह-बजट पदाधिकारी